भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया था। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता, कार्यान्वयन सहयोग एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त, पंजीकृत सोसायटी है। एनएचएसआरसी को राष्ट्रीय रणनीतिक स्वास्थ्य नियोजन और कार्यक्रम डिजाइन में योगदान करने का भी दायित्व सौंपा गया है।

यदि आप सबके लिए समान एवं उत्कृष्ट स्वास्थ्य के लिए प्रतिबद्ध हैं, तो आपके लिए यहां, भारत में जन स्वास्थ्य परिदृश्य को एक स्वरूप प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध टीम के साथ कार्य करने का एक अनूठा अवसर है। ये पद आपको राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी में सुधार करने और राज्य और जिला स्तरों पर कार्यान्वयन सहायता के माध्यम से सकारात्मक स्वास्थ्य परिणाम लाने की प्रक्रिया में वास्तविक रूप से भाग लेने का अवसर प्रदान करते हैं। स्वास्थ्य क्षेत्र की विविध टीमों के साथ कार्य करते हुए आप, सेवा प्रदायगी प्रणालियों, सबके लिए प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल, स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन, सामुदायिक प्रक्रियाओं, स्वास्थ्य सेवाओं के वित्तपोषण, देखभाल की गुणवत्ता, जन स्वास्थ्य नियोजन और स्वास्थ्य को बढ़ावा देने से संबंधित विविध चुनौतियों का समाधान खोज सकते हैं, उन्हें अपने अनकूल बना सकते हैं, सह–निर्माण कर सकते हैं और उनका प्रचार–प्रसार कर सकते हैं। यह, एक पैमाने पर स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने, जिला एवं उप जिला कार्यान्वयन से सीख लेने, जानकारी को मूर्त रूप देने और सबके लिए स्वास्थ्य की संकल्पना को साकार करने का एक अवसर है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता– स्वास्थ्य देखभाल प्रौद्योगिकी के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- उपकरणों के लिए तकनीकी विशेषताओं का निर्धारण करना,
- लागत प्रभावी उपकरणों एवं नैदानिक विधियों का पता लगाने के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना,
- द्वितीयक आंकड़ा अनुसंधान (सेकेन्डरी डेटा रिसर्च) सहित, उपकरणों एवं निदान की सुरक्षा एवं प्रभावकारिता का आकलन करना,
- उपकरणों एवं निदान की लागतों एवं मूल्य निर्धारण पर आंकड़ा विश्लेषण/बाजार अनुसंधान
- उपकरणों एवं निदान संबंधी गुणवत्ता आंकलनों के लिए तकनीकी सहायता उपलब्ध कराना,
- चिकित्सा उपकरणों उत्पादों/खंड का व्यापार नीति अनुसंधान एवं विश्लेषण करना,
- समय–समय पर सौंपे जाने वाले अन्य कार्य करना।

योग्यताएं और अनुभवः

- नैदानिक/जैव–चिकित्सा इंजीनियरिंग में बी टेक/बी ई. अनिवार्य। इंजीनियरिंग/प्रबंध में स्नातकोत्तर उपाधि वांछनीय है।
- उपकरणों/निदान/नैदानिक अनुसंधान/सुव्यवस्थित समीक्षाओं के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य या प्रकाशित अध्ययनों/उपकरणों के परीक्षण/निदान का मेटा विश्लेषण।
- उपकरणों एवं नैदानिक वैधता/मूल्यांकन में विशेषज्ञता जैसी विश्लेषणात्मक भूमिकाओं में योग्यता उपरांत कार्य करने का न्यूनतम 2 वर्षों का अनुभव।
- एमएस–वर्ड, एक्सेल, पावर पाइंट एवं वेब सर्फिंग जैसे आम तौर पर प्रयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं दस्तावेजों को तलाशने हेतु वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर में प्रवीणता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु–आयामी टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।

- स्वास्थ्य प्रणालियों के विकास संबंधी जानकारी वांछनीय है।
- तकनीकी सूचना एकत्र करने के लिए राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने का इच्छुक और उस सूचना को एक अनुसंधान साक्ष्य के रूप में संकलित/परिवर्तित करने की योग्यता।
- उत्कृष्ट अभ्यर्थियों के लिए शैक्षणिक योग्यता, अनुभव और आयु में ढील दी जा सकती है।

आयु सीमाः 40 वर्ष और उससे कम (आवेदन की अंतिम तिथि को)
कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार यात्रा करने का इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

आवेदन करने के लिएः अभ्यर्थियों से अनुरोध है कि वे एनएचएसआरसी की वेबसाइट पर अपलोड किए गए भर्ती हेतु सूचना के साथ संलग्न आवेदन पत्र को डाउनलोड कर विधिवत भरे हुए आवेदन पत्र को **24 सितंबर, 2017 को अपराह्न 4 बजे तक** rec.nhsrc.2017@gmail.com पर ई–मेल कर दें। किसी अन्य प्रारूप में प्रस्तुत किया गया आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। कृपया सुनिश्चित करें कि आवेदन पत्र पर आवेदन किए गए पद का उल्लेख किया गया है, अन्यथा आवेदन पत्र स्वीकार नहीं किया जाएगा।